नमो नमो शिव शंकर | By Ishaan Sharma-Vandy Kaur

भोले तेरे दर पे है आना
मेरा और कोई ना ठिकाना

नमो नमो नमो नमो, नमो नमो शंकरा.....4

कुछ भी ना पास मेरे भाव एक लाया हूँ
झूठे नाते तोड़ के मैं दर तेरे आया हूँ
हुआ तेरे नाम का दीवाना
मेरा और कोई ना ठिकाना
भोले तेरे दर पे है आना
मेरा और कोई ना ठिकाना

नमो नमो नमो नमो, नमो नमो शंकरा.....4

याद तेरी भोले बाबा जब भी आती है
हर जगह दिखे तू ही बड़ा तड़पाती है
तेरा हूँ मैं ना कोई बेगाना
मेरा और कोई ना ठिकाना
भोले तेरे दर पे है आना
मेरा और कोई ना ठिकाना

नमो नमो नमो नमो, नमो नमो शंकरा.....4

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a4%ae%e0%a5%8b-%e0%a4%a8%e0%a4%ae%e0%a5%8b-%e0%a4%b6%e0%a4%bf%e0%a4%b5-%e0%a4%b6%e0%a4%82%e0%a4%95%e0%a4%b0-by-ishaan-sharma-vandy-kaur/